

वे कह रहे हैं, कोच को बर्खास्त करो! कप्तान को बर्खास्त करो! इंग्लैंड की इस टेस्ट टीम को उनसे बेहतर कौन कोच या कप्तान के रूप में देख रहा है? – केविन पीटरसन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, कप्तान व कोच के विकल्प को लेकर आलोचकों से सवाल करते हुये।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट और उपकप्तान बेन स्टोक्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 की बड़ी नीलामी में अपना नाम दर्ज नहीं करने का निर्णय लिया है। वह न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध घर पर खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज़ की तैयारी करने के लिए काउंटी चैंपियनशिप में खेलते नज़र आएंगे। रूट ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह नीलामी में अपना नाम दर्ज करवाने को लेकर विचार कर रहे हैं। 2018 के ऑक्शन में किसी भी टीम ने रूट में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। होबार्ट में खेले गए अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बाद रूट ने नीलामी में नहीं जाने की पुष्टि की।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्मकथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

## वेंकटेश अय्यर को भी टीम में किया जा सकता है शामिल

# कप्तान राहुल करेंगे ओपनिंग

**पिछले 14-15 महीनों में, मैंने नंबर चार, नंबर पांच जैसे विभिन्न स्थान पर बल्लेबाजी की है। उस समय टीम को मेरी मध्य क्रम में जरूरत थी। अब मुझे लगता है कि रोहित के यहां नहीं होने से मैं शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करूंगा : के.एल. राहुल**











पार्ल, 18 जनवरी। भारतीय कप्तान लोकेश राहुल ने कहा है कि वह दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में पारी की शुरुआत करेंगे। नंबर चार या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाज़ी करते हुए राहुल ने पिछले दो वर्षों में काफ़ी रन बनाए हैं। जनवरी 2020 से उन्होंने दस मैचों में 69.25 के औसत और 109.92 के स्ट्राइक रेट से 554 रन बनाए हैं। हालांकि रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में राहुल सलामी बल्लेबाज़ की भूमिका में होंगे। पार्ल में खेले जाने वाले पहले वनडे की पूर्व संध्या पर राहुल ने आज कहा, ''पिछले 14-15 महीनों में, मैंने नंबर चार, नंबर पांच जैसे विभिन्न स्थान पर बल्लेबाज़ी की है। उस समय टीम को मेरी मध्य क्रम में ज़रूरत थी। अब मुझे लगता है कि रोहित के यहां नहीं होने से मैं शीर्ष क्रम पर बल्लेबाज़ी करूंगा।''

उन्होंने कहा,''हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते हैं जो बहुत अनुमानित हो। कहने का मतलब है कि ऐसे कई मैच हो सकते हैं जहां मुझे मध्य क्रम या निचले क्रम में बल्लेबाज़ी करनी पड़े क्योंकि टीम को उस वक़्त वही चाहिए होगा। वहीं मुझे किसी समय बल्लेबाज़ी की शुरुआत करनी पड़ सकती है। मैं टीम की ज़रूरत के अनुसार किसी भी स्थान पर बल्लेबाज़ी करने के लिए तैयार हूं। एक बात साफ है कि हमें एक टीम गेम में, टीम की रणनीति के अनुसार लचीला होना पड़ेगा। हर किसी को कुछ ख़ास चीज़ों के लिए तैयार रहना होगा जो टीम उनसे करवाना चाहती है।''

टेस्ट श्रृंखला के दौरान, पिचों में स्पिनरों के लिए कुछ ख़ास मदद नहीं थी, लेकिन राहुल के अनुसार बोलैंड पार्क की पिच धीमे गेंदबाज़ों को मदद कर सकती है। ऐसे में पार्ल में खेले जाने वाले पहले दो वनडे मैचों में भारत रविचंद्रन अश्विन और युज़वेंद्र चहल दोनों को टीम में जगह दे सकता है। अगर भारत ऐसा करता है तो जून 2017 के बाद अश्विन का यह पहला वनडे होगा।

2017-18 में पिछली बार भी जब भारत ने साउथ अफ्रीका का दौरा किया था, तब छह मैचों की वनडे सीरीज़ के दौरान कुलदीप यादव और चहल को टीम में जगह जी गई थी। उस दौरान कुलदीप और चहल दोनों ने क्रमश: 17 और 16 विकेट लेकर भारत को 5-1 से सीरीज़ जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

राहुल ने कहा, हमने बोलैंड पार्क में कुछ दिन अभ्यास किया और ऐसा लग रहा है कि इस पिच पर स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा, हमारे पास बेहतरीन स्पिनर हैं। अश्विन वनडे टीम में वापस आ रहे हैं और हम सभी जानते हैं कि वह किस तरह की गुणवत्ता के साथ गेंदबाज़ी करते हैं। चहल सालों से हमारे लिए बढ़िया गेंदबाज़ी कर रहे हैं। अगर पिच से स्पिन गेंदबाज़ों को कोई मदद मिलती है, तो मुझे पता है कि ये दोनों गेंदबाज़ वास्तव में इसका फायदा उठाएंगे। उम्मीद है पहले दो मैचों में पिच स्पिन गेंदबाज़ों के लिए मददगार साबित हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो टीम के लिए वह दोनों गेंदबाज़ काफ़ी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

भारत वेंकटेश अय्यर को उनके छठे गेंदबाज़ी विकल्प के रूप में देख रहा है। वेंकटेश वह काम कर सकते हैं जो हार्दिक पांड्या अपनी इंजरी से पहले किया करते थे। वर्तमान में भारत के शीर्ष छह में कोई बल्लेबाज़ नहीं है जो गेंदबाज़ी करता हो। अय्यर ने नवंबर में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ टी20 श्रृंखला के दौरान भारत में पदार्पण किया था, लेकिन उन्होंने अभी तक वनडे मैच नहीं खेला है। हाल ही में समाप्त हुई विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में उन्होंने 63.16 की औसत और 133.92 के स्ट्राइक रेट से 379 रन बनाए।

## विराट कोहली ने हम सबके लिए मापदंड स्थापित किया : राहुल

भारतीय वनडे कप्तान और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कप्तान विराट कोहली ने हम सबके लिए एक मापदंड स्थापित किया है और हमें उसके ऊपर अपनी पारी का निर्माण करना है। राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले वनडे की पूर्वसंध्या पर आज वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, विराट की कप्तानी में भारत ने कुछ शानदार चीजें की हैं। उन्होंने हमारे लिए बहुत कुछ किया है और हमारे लिए एक मापदंड बनाया है। पूरी दुनिया जानती है कि विराट टेस्ट और ओवरआल क्रिकेट को लेकर कितना जुनूनी थे।

## दक्षिण अफ्रीका से पहले एकदिवसीय आज

भारतीय क्रिकेट टीम नयी शुरुआत करने के लक्ष्य के साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले पहले वनडे में विजयी शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का मौका गंवाया था जब वह पहला टेस्ट जीतने के बाद अगले दो टेस्ट हार गयी। भारतीय टीम के नए वनडे कप्तान लोकेश राहुल टीम को शानदार शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। फिलहाल तो टीम के लिए एक सही एकादश चुनना सबसे बड़ा सिरदर्द होगा। टेस्ट की कप्तानी छोड़ चुके विराट कोहली कप्तानी के बोझ से हर तरह से मुक्त होने के बाद बल्ले से कैसा प्रदर्शन करेंगे, इस पर सबकी नजरें रहेंगी।

## मेववेदेव दूसरे दौर में, मरे पांच सेटों में जीते

### ऑस्ट्रेलियन ओपन

मेलबोर्न, 18 जनवरी। खिताब के प्रबल दावेदार और दूसरी सीड रूस के डेनिल मेदवेदेव ने निर्मम प्रदर्शन करते हुए हेनरी लॉक्सोनेन को तीन सेटों में मंगलवार को 6-1, 6-4, 7-6 (3) से हराकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

इस बीच पूर्व नंबर एक ब्रिटेन के एंडी मरे ने पांच सेटों के मैराथन मुकाबले में बड़ी सर्विस करने वाले निकोलोज़ बसीलाश्विली को 6-1, 3-6, 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराकर पांच वर्षों में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बनायी।

दूसरी सीड मेदवेदेव का दूसरे दौर में स्थानीय हीरो निक किर्गियोस से मुकाबला होगा। किर्गियोस ने पहले दौर में ब्रिटिश क्वालीफायर और पदार्पण ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच खेल रहे लियाम ब्रॉडी को 6-4,6-4, 6-3 से पराजित किया। उधर आठवीं सीड केस्पर रुड ने अभ्यास में यदि में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापिस ले लिया।

महिला वर्ग के एक उलटफेर में 24 वर्षीय वाइल्ड कार्ड प्रविष्टि मेडिसन इंग्लिस ने 2021 यूएस ओपन की फाइनलिस्ट लेलाह फर्नांडिज को एक घंटे 23 मिनट में हराकर बाहर कर दिया। विश्व में 133वीं रैंक की इंग्लिस ने 23वीं रैंक की कनाडाई खिलाड़ी को लगातार सेटों में 6-4, 6-2 से पराजित किया।

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए कगिसो रबाडा

पार्ल, 18 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से टीम से बाहर कर दिया गया है। लंबे समय से अधिक कार्यभार के कारण रबाडा को सीरीज से रिलीज करने का फैसला किया गया है। बोर्ड ने कहा कि रबाडा की जगह किसी को नहीं चुना गया है, लेकिन जार्ज लिंडे को अतिरिक्त स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में रखा गया है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से विश्राम दिया गया है। क्योंकि पिछले कुछ समय से उन पर काम का बोझ अधिक है और हम उन्हें अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले पूरी तरह तरोताजा चाहते हैं। सबसे लंबे प्रारूप मेंयादगार जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीमजोश से भरी हुई है। कप्तान तेम्बा बावुमा ने पिछले टेस्ट में कुछ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और वह उस आत्मविश्वास को अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ अपने नेतृत्व में भी रखेंगे।

भारत के खिलाफ वनडे सीरीज पर बावुमा ने कहा कि वे एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलेंगे लेकिन चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत एक मजबूत टीम है। हम उनकी टीम का वैसे ही सम्मान करते हैं जैसे अन्य टीमों का करते हैं।टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए हम जानते हैं कि यह कठिन मुकाबला होने वाला है।

## 100 विकेटों के आंकड़े से तीन कदम दूर चहल

पार्ल, 18 जनवरी। भारतीय लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में विकेटों का शतकधारी बनने का मौका है। चहल को वनडे में 100 विकेट पूरे करने के लिए तीन विकेट की ज़रूरत है। 100 विकेट लेकर वह ऐसा करने वाले 23वें भारतीय गेंदबाज़ बन जाएंगे।

## समीर वर्मा और सौरभ वर्मा पहले दौर में बाहर

लखनऊ, 18 जनवरी। चौथी वरीयता प्राप्त समीर वर्मा और पांचवीं सीड सौरभ वर्मा सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में मंगलवार को हारकर बाहर हो गए। समीर को आयरलैंड के नहट एनगुएन ने पराजित किया। समीर पहले गेम में 2-7 से पिछड़ने के बाद मैच से रिटायर हो गए जबकि सातवीं सीड सौरभ को अजरबेजान के अदे रिस्की द्वीछायो ने एक घंटे सात मिनट के संघर्ष में 15-21, 21-19, 21-18 से पराजित किया। महिला एकल में इरा शर्मा को हार का सामना करना पड़ा जबकि मालविका बंसोड़ को अश्मिता चालिहा से वाकओवर मिल गया।

## बोपन्ना और रामकुमार को टाटा ओपन के युगल में सीधा प्रवेश

पुणे, 18 जनवरी। भारत के रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन को 31 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के चौथे संस्करण के मुख्य ड्रा में सीधा प्रवेश दिया गया है। भारतीय जोड़ी ने इस महीने ले शुरू में टॉप सीड जोड़ी को हराकर एडिलेड ओपन का खिताब जीता। सीधे प्रवेश सूची में 14 जोड़ियों को जगह दी गयी है।

## कप्तान रूट सहित इंग्लैंड के खिलाड़ियों की शराब पीकर हंगामा करने की जांच शुरू की

लंदन, 18 जनवरी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि उसने एशेज सीरीजके बाद टीम होटल में कप्तान जो रूट और अन्य खिलाड़ियों के देर रात तक शराब पीने और शोर मचाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। खिलाड़ियों की इस हरकत को रोकने के लिए पुलिस को होटल आना पड़ा। खबरों के मुताबिक इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड और नाथन लियोन को भी एक वीडियो में देखा गया जो एशेज सीरीजखत्म होने के बाद जश्न मना रहे थे।

ईसीबी ने कहा, सोमवार तड़के इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के सदस्यों ने होबार्ट में होटल के टीम क्षेत्रों में एक पेय (शराब) साझा किया। बयान के मुताबिक, होटल प्रबंधन को होटल के एक अतिथि द्वारा शोर मचाने की शिकायत मिली, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया में आम बात है। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

होटल प्रबंधन और तस्मानिया पुलिस ने जब खिलाड़ियों को अपने कमरों में जाने के लिए कहा तो खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के अधिकारियों ने ऐसा ही किया। इंग्लैंड की टीम ने किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त की है। इस वीडियो को कथित तौर पर इंग्लैंड के सहायक कोच ठाहम थोर्प ने बनाया है। फॉक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक, लियोन और कैरी इस दौरान टीम की टेस्ट जर्सी में थे। उन्होंने एक रात पहले एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। खबर के मुताबिक , तस्मानिया पुलिस ने पुष्टि की कि नशे में शोर मचाने की शिकायत मिलने पर उनके अधिकारी सुबह छह बजे होटल पहुंचे थे।

## पटना को 3 अंक से हराकर अंकतालिका के शीर्ष पर पहुंची दिल्ली

बेंगलुरू, 18 जनवरी। दबंग दिल्ली केसी ने अपने स्टार रेडर नवीन कुमार के बगैर ही तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स पर 32-29 के अंतर से रोमांचक जीत के साथ वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। 11 मैचों में दिल्ली की यह सातवीं जीत है जबकि पटना को तीसरी हार मिली है। सीजन के 62वें मैच में मिली हार के बावजूद पटना की टीम पहले ही तरह तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज है लेकिन बेंगलुरू बुल्स को तीसरे स्थान पर जाना पड़ गया है। इस मैच में दिल्ली के लिए विजय मलिक ने एक सुपर रेड के साथ सबसे अधिक 9 अंक लिए जबकि संदीप नरवाल ने 8 अंक बटोरे। पटना के लिए कप्तान प्रशांत कुमार को सबसे अधिक 6 अंक मिले।

## अहमदाबाद टीम में शामिल होने को तैयार हार्दिक, राशिद और शुभमन

मुंबई, 18 जनवरी। हार्दिक पंड्या, राशिद ख़ान और शुभमन गिल आगामी आईपीएल सीज़न में अहमदाबाद फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा होने के लिए तैयार हैं। पिछले अक्टूबर में सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने अहमदाबाद टीम को ख़रीदा था।

उन्होंने अपने सहयोगी स्टाफ़ को भी अंतिम रूप दे दिया है। स्टाफ़ का नेतृत्व भारत के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ आशीष नेहरा और साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज़ व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज़ विक्रम सोलंकी टीम के निदेशक होंगे। यह दूसरी बार है जब नेहरा, कर्स्टन और सोलंकी एक साथ काम करेंगे, इससे पहले यह तिकड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए काम कर चुकी है।

आईपीएल में दो नई टीमों अहमदाबाद और लखनऊ ने अभी तक अपने द्वारा ख़रीदे गए खिलाड़ियों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करने की समय सीमा 22 जनवरी तेज़ी से क़रीब आ चुकी है। दोनों टीमों को एक ही पर्स 90 करोड़ रुपये मिला है, जो अन्य आठ टीमों के समान है। हालांकि, अन्य टीमों के विपरीत, जिन्होंने चार खिलाड़ी रिटेन किए थे, यह दो नई टीमें एक विदेशी खिलाड़ी सहित केवल तीन खिलाड़ियों को चुन सकती हैं।

आईपीएल में दो नई फ्रैंजाइजी को अपने तीन खिलाड़ियों को चुनने के लिए क्रमश: 15 करोड़, 11 करोड़ और 7 करोड़ रूपये खर्च करने होंगे। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि अहमदाबाद ने हार्दिक और राशिद दोनों को समान राशि 15 करोड़ देने का निर्णय लिया है। यह भी पता चला है कि हार्दिक के अहमदाबाद के कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने की संभावना है, जो आईपीएल में ऑलराउंडर के रूप में पहला विकल्प हैं। तीसरे खिलाड़ी गिल को सात करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

यह पहली बार है जब हार्दिक और राशिद आईपीएल में एक ही टीम के लिए खेलेंगे, जो पहले मुंबई इंडियंस और सनराइज़र्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 2015 में महज़ 10 लाख रुपये में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में ख़रीदे जाने के बाद से हार्दिक का उदय तेज़ी से हुआ है।

2018 तक, उन्होंने ख़ुद को भारत में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में स्थापित कर लिया था और मुंबई ने उन्हें उस वर्ष की नीलामी में अपनी दूसरी पसंद के रूप में 11 करोड़ रुपये में अपने साथ बनाए रखा था। अगले दो सीज़न में हार्दिक ने 762 रन बनाए और 29 मैचों में 32 विकेट लिए। वह 2015, 2017, 2019 और 2020 में मुंबई की विजेता टीम का हिस्सा भी रहे। हार्दिक पिछले दो आईपीएल में फ़िटनेस के मुद्दों से जूझते रहे और इस दौरान उन्होंने बिल्कुल भी गेंदबाज़ी नहीं की।

## ईस्ट बंगाल के खिलाफ तालिका में अपनी स्थिति सुधारने उतरेगा गोवा

बैम्बोलिन, 18 जनवरी। अपने पिछले तीन मैचों से अपराजित चल रहे एफसी गोवा अंक तालिका में अपना स्थान सुधारने की कोशिश करेगा, जब उसका सामना बुधवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग 2021-22 के लीग मुकाबले में जीतविहीन एससी ईस्ट बंगाल से होगा।

भारतीय कोच डेरिक परेरा के देखरेख में एफसी गोवा का प्रदर्शन जबर्दस्त तो नहीं रहा है लेकिन अनुभवी कोच पिछले तीन मैचों में टीम को अपराजित रखने में सफल रहे हैं। गोवा ने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के साथ 1-1 से ड्रा खेला था। जोर्गे ओर्टिज गोवा की तरफ से काफी तेज-तर्रार दिखे। बुधवार को मिलने वाली जीत गोवा को तालिका के निचले हाफ से ऊपर ले जाएगी और शीर्ष चार टीमों के साथ उसकी दूरी को भी कम करेगी। ईस्ट बंगाल के खिलाफ उसकी अच्छी संभावना होगी। परेरा ने मैच की पूर्वसंध्या पर कहा, ''जब मैं टीम के साथ जुड़ा, तो मैं बहुत ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहता था। हमने वही फॉर्मेशन रखा, जो 3-4-3 सिस्टम था लेकिन मैंने सिर्फ स्ट्रक्चर में सुधार किया और लड़कों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी।

## आईपीएल 2022 में लखनऊ के लिए खेलेंगे राहुल

लखनऊ, 18 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारतीय वनडे टीम के कप्तान लोकेश राहुल इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में लखनऊ टीम की ओर से खेलते नज़र आएंगे। लखनऊ ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस और युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को भी अपनी टीम में शामिल किया है। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि राहुल को 15 करोड़, स्टॉयनिस को 11 करोड़ और बिश्नोई को चार करोड़ में ख़रीदने के बाद लखनऊ की टीम अब 60 करोड़ रुपए की राशि के साथ बड़ी नीलामी में उतरेगी। यह भी पता चला है कि राहुल टीम की कप्तानी भी करेंगे।

29 वर्षीय राहुल लखनऊ द्वारा चुने गए पहले खिलाड़ी हैं। अक्तूबर में संजीव गोयंका के आरपी ग्रुप ने 7 हज़ार 90 करोड़ रूपए में लखनऊ फ्रैंचाइज़ी ख़रीदी थी। 2018 से राहुल आईपीएल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज़ों में से एक रहे हैं।

पिछले 2 सीज़न में उन्होंने पंजाब किंग्स की कप्तानी भी की। हालांकि कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी टीम को कह दिया था कि वह भविष्य में उनके लिए नहीं खेलेंगे। राहुल को साल 2014 में सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम ने एक करोड़ रूपए में ख़रीदा था। उसके बाद वह साल 2016 में रॉयले चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए खेले और 2018 की नीलामी में उन्हें 11 करोड़ रूपए में पंजाब ने अपने साथ जोड़ा था।

चार सीज़न तक पंजाब किंग्स की टीम से खेलते हुए राहुल ने 56.62 के औसत से 2548 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 25 अर्धशतक और 2 शतक लगाए।

## श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को लुढ़काया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज भी जीते

सेंट किट्स, 18 जनवरी। डुनिथ वेलालेज के पांच विकेट और 52 रनों की मदद से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट हरा दिया। श्रीलंका टीम प्रतियोगिता में अजेय बनी हुई है।सोमवार को खेले गए ग्रुप डी मैच में श्रीलंका की आंधी में कोई भी ऑस्ट्रेलियाई टिक नहीं सका।

पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका के गेंदबाजों ने कोई भी बड़ी साझेदारी पनपने नहीं दी। पारी की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी कैंपबेल केलावे और निवेथन राधाकृष्णन के बीच हुई, जिन्होंने चौथे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केलावे 77 गेंदों में 54 रनों के साथ ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष स्कोरर रहे। तीन बार की चैंपियन 175 रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम तीन विकेट आठ रन पर खो दिए।

इस दौरान वेलालेज ने पारी में दूसरी बार एक ओवर में दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम को ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने बैकफुट पर रखा हालांकि उनका जरूरी रन रेट ऊपर ही रहा। टॉम व्हिटनी और विलियम साल्जमैन ने तीन गेंदों के अंतराल में श्रीलंका के दो विकेट लेकर 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका का स्कोर तीन विकेट पर 41 रन पर कर दिया।इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे वेलालेज ने पारी को संभाला। उन्होंने अंजला बंडारा के साथ 70 रन की साझेदारी की। बंडारा के आउट होने के बाद श्रीलंका के कप्तान ने 69 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया।श्रीलंका को जब केवल पांच रनों की आवश्यकता थी तब वह व्हिटनी द्वारा कॉट एंड बोल्ड हो गए।

गयाना में खेले गए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने अपना पहला गेम खेलते हुए अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई। टीम ने हसीबुल्लाह खान के शतक की बदौलत 315 रन बनाए। ब्रायन बेनेट और तेंडेकाई मातरणिका के बीच आठवें विकेट की 83 रनों की साझेदारी के बावजूद जिम्बाब्वे लक्ष्य से 116 रन से पीछे रह गया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह ने 155 गेंदों में 135 रनों के साथ टूर्नामेंट का अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाया। इस दौरान उन्होंने इरफान खान के साथ तीसरे विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी की। मैकगिनी ड्युब की गेंद पर डेविड बेनेट द्वारा कैच लपके जाने से पहले इरफान ने 77 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 81 रन ठोके।

गौरतलब है कि जिम्बाबवे ने पहले ग्रुप सी के अपने शुरुआती गेम में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ इससे अधिक स्कोर बनाया था, लेकिन इस बार लक्ष्य का पीछा करने में टीम लड़खड़ा गई।

मैथ्यू वेल्च और स्टीवन शाऊल ने संयुक्त रूप से पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। इसके बाद टीम ने अगले छह विकेट 77 रन के भीतर खो दिए।इसके बाद बेनेट और मातरणिका के बीच 83 रनों की साझेदारी हुई। बेनेट के आउट होने से पहले जिम्बाबवे को केवल 58 गेंदों में 121 रनों की जरूरत थी। दो गेंद के बाद मातरणिका भी आउट हो गए। जल्द ही डूब का विकेट गिराकर पाकिस्तान ने 115 रन की जीत हासिल कर ली

## कश्मीरी विलो से बने बल्लों को मिली आईसीसी की मंजूरी

श्रीनगर, 18 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कश्मीरी विलो से बने क्रिकेट बैट के उपयोग को मंजूरी दे दी है। इसके लिए 29 वर्षीय फौजुल कबीर ने लगातार डेढ़ साल का अथक प्रयास किया। उनके जीवन का भावनात्मक क्षण उस समय आया जब कश्मीरी विलो, सेलिक्स अल्बा लकड़ी से बने उनके बल्ले ओमान के दो खिलाड़ियों नसीम खुशी और बिलाल खान द्वारा अक्टूबर 2021 में दुबई क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 विश्व कप मैच के दौरान इस्तेमाल किए गए थे। अवंतीपोरा में इस्लामिक यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स करने वाले और स्ट्रेटिजिक मैनेजमैंट में पीएचडी कर रहे कबीर ने अपने पिता अब्दुल कबीर की मृत्यु के बाद सात साल से अधिक समय तक लड़ाई लड़ी, जिन्होंने अनंतनाग के संगम में जीआर 8 स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना की। उन दिनों को याद करते हुए जब दुबई में मेड इन कश्मीर क्रिकेट उत्पादों का इस्तेमाल किया जा रहा था। कबीर ने कहा, ''यह न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे कश्मीर के लिए एक भावनात्मक क्षण था।''

## 2021 के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने लेवांडोव्स्की, मैसी को पछाड़ा



ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) 18 जनवरी। 2021 के सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गेर्ड मुलर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके बिना मैं यह सब नहीं कर पाता। अपने खिताब का बचाव करने वाले 33 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस सेंट-जर्मेन के लियोनेल मैसी और लिवरपूल के मोहम्मद सलाह को हराकर शीर्ष सम्मान हासिल किया।

लेवांडोव्स्की के हवाले से सोमवार आधी रात को एफसी बायर्न ने कहा, ''मैं बहुत सम्मानित, बहुत गर्व और खुशी महसूस कर रहा हूं। मैं अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम सभी ट्रॉफी जीतने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। यह खिताब मेरे करीबी लोगों के लिए है।'' बुंदेसलीगा रिकॉर्ड को लेकर उन्होंने कहा, ''पिछले साल जो कुछ भी हुआ, मैंने सपने में भी ऐसा करने की हिम्मत नहीं की होती। अगर कुछ साल पहले किसी ने मुझे यह बताया होता, तो मुझे विश्वास नहीं होता।'' लेवांडोव्स्की ने कहा,''दुर्भाग्य से गर्ड (मुलर) अब हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनके बिना मैं यह सब मैनेज नहीं कर पाता।'' उल्लेखनीय है कि मुलर का 15 अगस्त 2021 को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह अल्जाइमर रोग से पीड़ित थे। 2021 में पोलिश इंटरनेशनल में लेवांडोव्स्की ने दिग्गज खिलाड़ी मुलर द्वारा निर्धारित दो नायाब रिकॉर्ड तोड़ दिए।

2020-21 बुंदेसलीगा सीजन के दौरान लेवांडोव्स्की ने 41 गोल किए और मुलर के रिकॉर्ड (1971-72 सीज़न में 40 गोल) को पीछे छोड़ दिया। लेवांडोव्स्की ने 2021 में बुंदेसलीगा में 43 गोल किए. उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में मूलर द्वारा किए गए 42 गोल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उन्होंने पिछले साल सभी प्रतियोगिताओं में 58 गोल किए। इसके साथ ही वह पोलिश यूरोप के शीर्ष पांच लीग में अब तक का सबसे सफल गोल स्कोरर रहे।